उ0प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या–108/10/ई–1/2019–20
प्रयागराज, दिनांक 16, अप्रैल, 2021

विज्ञप्ति

उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (सामान्य/विशेष चयन) परीक्षा, 2021 से संबंधित विज्ञापन संख्या–ए–2/ई–1/2021 दिनांक 05.03.2021 को जारी किया गया था जिसके संबंध में अभ्यर्थियों से आनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित अन्तिम तिथि दिनांक 08.04.2021 तक प्राप्त किये जा चुके हैं।

उक्त विज्ञापन से संबंधित कतिपय अभ्यर्थियों के फोटो व हस्ताक्षर त्रुटि पूर्ण पाये गये है, जिनकी सूचना आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है। अतः उक्त विज्ञापन के अभ्यर्थियों को दिनांक 16.04.2021 से 23.04.2021 तक सही फोटो व हस्ताक्षर पुनः अपलोड करने का अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे नियत तिथि तक फोटो व हस्ताक्षर आयोग की उक्त वेबसाइट पर अपलोड कर दें। नियत तिथि के उपरान्त इस हेतु कोई अवसर नहीं प्रदान किया जाएगा तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रत्यावेदन पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक